RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 23 अगस्त 2023 | वर्ष 05 | अंक 119 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## नागपुर एयरपोर्ट से 24 करोड़ रुपए मूल्य का ड्रग्स जब्त
### नाइजीरियाई समेत 2 अरेस्ट



**मुंबई** : महाराष्ट्र के नागपुर एयरपोर्ट पर राजस्व खुफिया निदेशालय ने नैरोबी से आए एक भारतीय यात्री से 3 किलो से अधिक मादक पदार्थ जब्त किया है. इसकी कीमत 24 करोड़ रुपये बताई जा रही है. एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि इस भारतीय यात्री के अलावा एक नाइजीरियाई नागरिक को भी अरेस्ट किया गया है. अधिकारी ने कहा हमें पूछताछ में पता चला कि भारतीय यात्री से ड्रग्स की यह खेप दिल्ली में रहने वाला एक नाइजीरियाई नागरिक प्राप्त करने वाला था.

अफसर ने कहा कि उस नाइजीरियाई नागरिक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है. इन दोनों लोगों से अलग- अलग पूछताछ हो रही है. अधिकारी ने बताया कि पुख्ता जानकारी के आधार पर डीआरआई की नागपुर टीम के अधिकारियों ने रविवार को शारजाह के रास्ते नैरोबी से डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आए एक भारतीय नागरिक को रोक लिया था और उसके सामान की तलाशी ली गई. अधिकारी ने बताया कि यात्री ने मादक पदार्थ को एक बक्से में छिपाकर रखा था.

# मुंबई, ठाणे की 58 आंगनबाड़ी सेविकाओं को नियुक्ति पत्र...
## शीघ्र ही चौथी महिला नीति लागू करेंगे: मुख्यमंत्री


मुंबई : मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि महिलाओं के समग्र विकास के लिए प्रदेश में शीघ्र ही चौथी महिला नीति लागू की जाएगी। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर सरकारी रिक्त पद भरने को प्राथमिकता दी जा रही है और उनकी नियुक्ति सेवा का एक अवसर है। मुख्यमंत्री ने सह्याद्रि अतिथि गृह में एकात्मिक बाल विकास योजना के तहत प्रक्रिया के माध्यम से भर्ती 19 हजार 577 आंगनवाड़ी सेविका, सहायकों में से मुंबई शहर, उपनगर और ठाणे जिले की 58 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रतिनिधि रूप में नियुक्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अजित पवार, महिला व बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री शिंदे ने उन आंगनवाड़ी कर्मचारियों को बधाई दी, जिन्हें आज नियुक्ति पत्र दिया गया और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि करीब 20 हजार 186 पद खाली थे। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हमने रिक्त पदों को भरने को प्राथमिकता दी है। आज हम प्रदेश में सरकार आपके द्वार उपक्रम चला रहे हैं। इस उपक्रम के जरिए हम अब तक 13 जिलों तक पहुंच चुके हैं और प्रदेश के जिलों तक पहुंचेंगे। हमें संतोष है कि



एक करोड़ से अधिक नागरिकों को लाभ हुआ है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि ताराबाई मोडक ने आंगनवाड़ी सेवा की नींव रखी। उनके काम को देखकर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने पूरे देश में आंगनवाड़ी अवधारणा की शुरूआत की। आंगनवाड़ी कर्मचारी बच्चों को शिक्षा प्रदान करने और उन्हें उचित पोषण देकर उनके मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके द्वारा राष्ट्र निर्माण का कार्य किया जा रहा है। सरकार ने आंगनबाड़ी कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि की है और सरकार विभिन्न महिला विकास योजनाएं लागू कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं के विकास के लिए महिला विकास नीति महत्वपूर्ण होगी। महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता न केवल बच्चों को पोषण प्रदान करने और उनकी देखभाल करने के लिए काम कर रही हैं, बल्कि स्वस्थ बच्चे और सक्षम पीढ़ी बनाने के लिए भी काम कर रही हैं। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर डॉ आनंदीबाई जोशी ने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इसमें आंगनबाडी कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आगामी शिविरों में आंगनबाडी कार्यकर्ताओं सहित उनके परिवार को भी शामिल किया जायेगा।


## एएफसी चैंपियन्स लीग के घरेलू मैच पुणे में खेलेगा मुंबई सिटी'




**मुंबई** : इंडियन सुपर लीग टीम मुंबई सिटी एफसी एएफसी चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूनार्मेंट के अपने घरेलू मैच पुणे के बालेवाड़ी के श्री शिव छत्रपति खेल परिसर में खेलेगी। मुंबई फुटबॉल एरेना में नवीनीकरण कार्य चल रहा है जिसके कारण वह एएफसी चैंपियन्स लीग मैचों की मेजबानी का पात्र नहीं है। मुंबई सिटी एफसी 2023-24 एएफसी चैंपियन्स लीग के ग्रुप चरण के अपने तीन घरेलू मुकाबलों पुणे में खेलेगी। कुआलालंपुर के एएफसी हाउस में 24 अगस्त को होने वाले ग्रुप चरण के ड्रॉ में मुंबई सिटी एफसी को अपने प्रतिद्वंद्वियों को पता चलेगा।

# अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 5 सितंबर से शुरू होगा स्विमिंग
## तैराकी सहित विभिन्न खेल सुविधाएं उपलब्ध

**मुंबई** : अंधेरी पश्चिम के शहाजीराजे भोसले स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 5 सितंबर से लोग स्विमिंग पूल का लाभ उठा सकेंगे। इस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 2 स्विमिंग पूल हैं, जिनमें से स्विमिंग की सुविधा उपलब्ध है। मनपा स्पोर्ट्स एंड फाइन आर्ट्स फाउंडेशन के विशेष कार्य अधिकारी सुनील गोडसे ने कहा कि 5 सितंबर, 2023 से ये दोनों स्विमिंग पूल सदस्यों के लिए उपलब्ध होंगे। गोडसे ने बताया कि एक स्वीमिंग पूल को 26 जुलाई 2023 से वाटर प्यूरिफिकेशन, टैंक बैलेंसिंग और कुछ अन्य इंजीनियरिंग



कार्य के लिए बंद कर दिए गए थे। इन दोनों स्वीमिंग पूल का इंजीनियरिंग कार्य और संबंधित परीक्षण अब अंतिम चरण में हैं इन्हे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उसके बाद 5 सितंबर से जनता के लिए खोल दिया जाएगा। इस परिसर में खेल प्रशिक्षण केंद्र, स्विमिंग पूल, खुला मैदान जैसे कुल 3 महत्वपूर्ण जोन हैं। इसके साथ ही इस खेल प्रशिक्षण केंद्र में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, व्यायामशाला, कार्डियो व्यायाम शाला, महिलाओं के लिए निःशुल्क कराटे प्रशिक्षण कक्षाएं, जिमनास्टिक, स्केटिंग, एरोबिक्स, योग, टेनिस, नृत्य, पेंटिंग आदि सुविधाएं प्रदान की गई हैं। इस खेल परिसर में स्विमिंग पूल ओलंपिक लेवल का है और यहां के प्रशिक्षकों ने अब तक हजारों नागरिकों को तैराकी सिखाई है। साथ ही यहां प्रशिक्षण से राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के तैराक भी तैयार किए गए हैं।

## पालघर में दुष्कर्म के मामले में तीन के खिलाफ मामला दर्ज



**पालघर** : पालघर जिले की एक महिला के साथ एक व्यक्ति ने कथित तौर पर बार-बार दुष्कर्म किया और इस कृत्य का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मगवालर को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने सोमवार को आरोपी व्यक्ति और दो अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की धारा 376 (2) (एन) (एक ही महिला के साथ बार-बार दुष्कर्म) और अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया।

उन्होंने कहा, आरोपी ने पीड़िता से दोस्ती की, जो शादीशुदा थी और फिर उसने महिला के साथ बार-बार दुष्कर्म किया और उसका वीडियो बना लिया, जिसे बाद में उसने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। अधिकारी ने बताया कि वीडियो के बारे में पता चलने के बाद महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।




# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## एक देश-एक पाठ्यक्रम आवश्यक

बीते दिनों राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने कक्षा तीन से बारह तक की पाठ्यपुस्तकें तैयार करने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति बनाई। इस राष्ट्रीय पाठ्यक्रम एवं शिक्षण सामग्री समिति में विभिन्न क्षेत्रों की 19 प्रसिद्ध हस्तियों एवं विशेषज्ञों को सम्मिलित किया गया है। इनमें इन्फोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष सुधा मूर्ति, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष विवेक देवराय एवं सदस्य संजीव सान्याल, प्रसिद्ध गायक एवं संगीतकार शंकर महादेवन, भारतीय भाषा समिति के अध्यक्ष चमू कृष्ण शास्त्री आदि हैं। इसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान के कुलपति महेश चंद्र पंत तथा सह-अध्यक्षता प्रिंस्टन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मंजुल भार्गव को सौंपी गई है। यह समिति राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के कार्यान्वयन के एक अंग के रूप में के. कस्तूरीरंगन के नेतृत्व में विकसित स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के साथ पाठ्यक्रम को संरेखित करने का काम करेगी। यह स्वायत्त संस्था आवश्यकता पड़ने पर सहायता एवं परामर्श आदि के लिए अन्य विषय-विशेषज्ञों को आमंत्रित करने हेतु स्वतंत्र होगी। पाठ्यक्रम विकास एवं पाठ्यपुस्तकों की डिजाइनिंग आदि की प्रक्रिया में लगभग 1000 से अधिक विषय-विशेषज्ञ सम्मिलित होंगे। समिति का लक्ष्य इस शैक्षणिक वर्ष के अंत तक कक्षा तीन से बारह तक की पाठ्यपुस्तकों को तैयार करना एवं कक्षा एक और दो की मौजूदा पाठ्यपुस्तकों को भी उचित रूप से संशोधित करना है।

यह आवश्यक नहीं कि विज्ञान, गणित, प्रौद्योगिकी जैसे विषयों में महारत रखने वाला व्यक्ति कला, नृत्य, संगीत, साहित्य, संस्कृति, मानविकी एवं शारीरिक शिक्षा जैसे विषयों में भी पारंगत हो। अतः भिन्न-भिन्न रुचियों, विषयों एवं वर्तमान की बहुविध आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विविध क्षेत्रों के विशेषज्ञों को पाठ्यपुस्तकें तैयार करने वाली समिति में सम्मिलित करना सर्वथा उचित कदम है।

इस प्रक्रिया में शंकर महादेवन भारत के शास्त्रीय नृत्य-संगीत, सुधा मूर्ति नारी सशक्तीकरण, विवेक देवराय एवं संजीव सान्याल स्वतंत्र एवं प्राचीन भारतीय अर्थव्यवस्था आदि का बेहतर समायोजन कर सकते हैं, वैसे ही अन्य सदस्य अपनी-अपनी विशेषज्ञता वाले क्षेत्रों की विषयवस्तु का उपयुक्त चयन एवं निर्धारण कर सकेंगे। स्वतंत्रता के पूर्व एवं पश्चात के अनेक प्रसंगों-संदर्भों, संघर्षों-उपलब्धियों, आदर्शों-प्रेरणाओं को भी पाठ्यक्रम में सम्मिलित किए जाने की महती आवश्यकता है। वैसे इस समिति का मुख्य उद्देश्य ही भविष्योन्मुखी पाठ्यक्रम एवं पाठ्यपुस्तकें तैयार कर नए एवं विकसित भारत की संकल्पना को साकार करना, युवाओं की आकांक्षाओं एवं स्वप्नों को पूरा करना तथा वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में सक्षम, समर्थ एवं आत्मविश्वास से परिपूर्ण पीढ़ी का निर्माण करना है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# इस सर्वे में अनुमान... महाराष्ट्र की 48 में से 45 लोकसभा सीट जीतेगी महा विकास अघाड़ी

महाराष्ट्र : महाराष्ट्र के महा विकास अघाड़ी अलायंस के दो दलों में कुछ महीने पहले फूट पड़ गई थी। कांग्रेस, शिवसेना और एनसीपी की एमवीए गठबंधन में दरार पड़ने से शिवसेना और एनसीपी के दो गुट बन गए। इस बीच कांग्रेस ने राज्य के सभी लोकसभा सीटों पर एक इंटरनल सर्वे किया, जिसमें दावा किया गया कि एमवीए को 40 से 45 सीटों पर जीत मिलेगी।



कांग्रेस ऑब्जर्वर की ओर से ये सर्वे एनसीपी से अजित पवार के जाने के बाद किया गया है. बता दे अजित पवार शरद पवार से अलग होने के बाद शिंदे सरकार में डिप्टी सीएम का पद संभाल रहे हैं. सर्वे में दावा किया गया है कि व्यक्तिगत रूप से 48 लोकसभा क्षेत्रों का दौरा करके यह आंकड़ा सामने आया है. महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने कहा, 'हमारा उद्देश्य सभी स्तरों पर बीजेपी को उखाड़ फेंकना है'.

**'एमवीए 40 से 45 सीटें जीतेगी'**

नाना पटोले ने सर्वे को लेकर कहा कि इससे यह मालूम होता है कि महाराष्ट्र में बीजेपी विरोधी माहौल है और एमवीए 40 से 45 सीटें जीतेगी. उन्होंने कहा,' हमने उस लक्ष्य के लिए तैयारी करनी शुरू कर दी है और इसके लिए हम बीजेपी के खिलाफ सभी राजनीतिक दलों से हाथ मिलाएंगे'. कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि सर्वे रिपोर्ट को एमपीसीसी कोर कमेटी के सामने रखा गया, जिसमें आगे की रणनीति और इंडिया अलायंस की होने वाली बैठक पर भी चर्चा हुई.

**'कोई किसी का हाथ नहीं पकड़ रहा है'**

हाल में हुए पवार गुटों की 'गुप्त' बैठक के बारे पूछे गए टाइम्स ऑफ इंडिया के सवाल पर कांग्रेस के पूर्व सीएम पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि दो दलों के नेता इस पर अपना निर्णय लेंगे. उन्होंने कहा, 'जो लोग हमारे साथ गठबंधन करेंगे वे हमारे साथ रहेंगे. जो लोग बीजेपी के साथ जाना चाहते हैं वो जा सकते हैं. कोई किसी का हाथ नहीं पकड़ रहा है. धीरे-धीरे तस्वीर साफ हो जाएगी. हम कांग्रेस के रूप में, मजबूती से तैयारी कर रहे हैं क्योंकि हम 2024 के चुनावों में बीजेपी को हराना चाहते हैं.'

**'कांग्रेस पार्टी पूरे महाराष्ट्र में पदयात्रा करेगी'**

पटोले ने आगे कहा कि इंडिया की बैठक खत्म हो जाने के बाद, कांग्रेस पार्टी पूरे महाराष्ट्र में पदयात्रा करेगी. जिसमें लोगों से मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के बारे में मनाया जाएगा. बता दें 26 दलों वाला इंडिया गठबंधन की तीसरी बैठक महाराष्ट्र के मुंबई में 31 अगस्त और 1 सितंबर को होना है. जिसकी मेजबानी शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार की एनसीपी करेगी.

# मानहानि मामले में राहुल गांधी पहुंचे बॉम्बे हाई कोर्ट, क्या है मांग?



**ठाणे :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आपराधिक मानहानि शिकायत के मामले में शिकायतकर्ता और आरएसएस कार्यकर्ता को नए दस्तावेज सौंपने की अनुमति देने के निचली अदालत के आदेश के खिलाफ बंबई हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. अपनी अर्जी में राहुल गांधी ने दावा किया है कि हाई कोर्ट की अन्य पीठ ने 2021 में शिकायतकर्ता राजेश कुंटे को इस मामले में कोई नया दस्तावेज सौंपने की अनुमति नहीं दी थी. कांग्रेस नेता की याचिका में दावा किया गया है कि कुंटे को नए दस्तावेज सौंपने की अनुमति देने का मजिस्ट्रेट का आदेश पूरी तरह से अवैध और पूर्वाग्रह से भरा है.

**नए दस्तावेज सौंपने की अनुमति**

बता दें कि महाराष्ट्र के ठाणे जिले की भिवंडी की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने कुंटे को इस साल जून में नए दस्तावेज सौंपने की अनुमति दे दी थी. कुंटे ने अपनी मानहानि की शिकायत में दावा किया है कि राहुल ने गलत और झूठा बयान दिया है कि महात्मा गांधी की हत्या के लिए आरएसएस जिम्मेदार था.

**कुंटे की अर्जी पर सुनवाई**

राहुल गांधी की याचिका पर सोमवार 21 (अगस्त) को सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति एस वी कोतवाल की एकल पीठ ने कहा कि 2021 में उच्च न्यायालय की एक अन्य पीठ ने इस शिकायत में अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने से संबंधित कुंटे की अर्जी पर सुनवाई की थी, इसलिए अगर वही पीठ गांधी की अर्जी पर सुनवाई करे तो बेहतर होगा.

**इस मुद्दे पर हो चुकी है सुनवाई**

न्यायमूर्ति कोतवाल ने कहा, ' अगर आप (गांधी के वकील कुशल मोर) कह रहे हैं कि इस मुद्दे पर पहले इस उच्च न्यायालय में सुनवाई हो चुकी है तो ऐसे में अगर वही न्यायाधीश इस याचिका पर सुनवाई करते हैं तो बेहतर होगा.'' पीठ ने कहा, ''मोर की दलीलों पर गौर करने के बाद शिष्टाचार यही कहता है कि यह मामला उन्हीं विद्वान न्यायाधीश के समक्ष रखा जाए, जिन्होंने पहले इस मामले की सुनवाई की थी.''

# पति ने 'पुलिस अधिकारी' पत्नी और बेटी की हत्या की, खुद भी फांसी लगाकर जान दी



**मुंबई:** महाराष्ट्र के पुणे से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां सोमवार को 37 साल की महिला पुलिस अधिकारी और उसकी 2 साल की बेटी की हत्या कर दी गई है। हत्या का आरोप महिला के पति पर लगा है, जिसने खुद भी कुएं में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने यह जानकारी दी है। एक अधिकारी ने बताया कि यह दोहरा हत्याकांड पिंपरी-चिंचवड़ तालुका के चिखली गांव में किशोर कुटे और उनकी पत्नी वर्षा दंडाडे कुटे के घर पर हुई। वर्षा, चिखली पुलिस थाने में तैनात थीं। पुलिस अधिकारी ने कहा, 'वर्षा और उसके पति किशोर के बीच उस वक्त झगड़ा हो गया जह वह सोमवार की रात ड्यूटी करने के बाद घर लौटीं। गुस्से में आकर किशोर ने धारदार हथियार उठाया और वर्षा पर हमला कर दिया।

# रसोई का बार-बार बिगड़ता बजट सरकार के लिए सिरदर्द




**मुंबई:** लोकसभा चुनाव की तेज होती आहट के बीच आम जनता को राहत का लॉलीपॉप चटाने के लिए सरकार जहां डीजल-पेट्रोल के दाम कम करने की सोच रही है, वहीं रसोई का बार-बार बिगड़ता बजट सरकार के लिए सिरदर्द साबित हो रहा है। टमाटर के बाद अब प्याज की कीमतें बढ़ रही हैं। शनिवार को सरकार ने ३१ दिसंबर २०२३ तक के लिए प्याज पर ४० फीसद निर्यात शुल्क लगा दिया। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक प्याज पर पहली बार निर्यात शुल्क लगाया गया है। भारत से बांग्लादेश, मलेशिया और संयुक्त अरब अमीरात में सबसे ज्यादा प्याज भेजा जाता है। ऐसे में प्याज निर्यातक परेशान हो गए हैं।

महाराष्ट्र राज्य प्याज उत्पादक संघ और स्वाभिमानी शेतकरी संगठन ने चेतावनी दी है कि केंद्र सरकार ने प्याज पर निर्यात शुल्क लगाने का निर्णय वापस नहीं लिया तो रेल रोको और रास्ता रोको आंदोलन किया जाएगा। उनका तर्क है कि पिछले सालभर से प्याज कौड़ी के दाम मिल रहे थे, तब सरकार आंखें मूंदे रही। अब कमाने का समय आया है तो निर्यात शुल्क लगा दिया गया है। सरकार ने इस साल तीन लाख टन प्याज का बफर स्टॉक बनाए रखा है। इसका उपयोग आमतौर पर सितंबर से अक्टूबर तक नई फसल आने तक किया जाता है। लेकिन इस बार असम, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की थोक मंडियों में २ हजार टन बफर स्टॉक का प्याज बेचा जा चुका है। गौरतलब है कि सब्जियों और अनाज की कीमतों में तेज उछाल के कारण खुदरा मुद्रास्फीति के दर में बढ़त दर्ज की जा रही है।

# प्याज की बढ़ती कीमतों के बीच महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस का बड़ा दावा,

## कहा- गृहमंत्री अमित शाह से हुई बात...

मुंबई : महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने प्याज की बढ़ती कीमतों के बीच ट्वीट कर कहा है कि जल्द ही केंद्र सरकार 2 लाख मीट्रिक टन प्याज खरीदेगी. जापान दौरे पर गए फडणवीस ने कहा कि उनकी गृह मंत्री अमित शाह और वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से फोन पर बात हुई है. दीगर है कि सरकार ने प्याज पर 40 फीसदी निर्यात शुल्क लगा दिया है जिसके बाद महाराष्ट्र की मंडियों में इसका काफी विरोध हो रहा है.

फडणवीस ने ट्वीट किया, ''आज मेरी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से टेलीफोन पर बातचीत हुई. केंद्र ने 2 लाख मीट्रिक टन प्याज खरीदने का फैसला किया है. केंद्र ने प्याज के हित के लिए यह घोषणा की है.'' उन्होंने कहा कि ''महाराष्ट्र के प्याज उत्पादकों, नासिक और अहमदनगर में विशेष खरीद केंद्र स्थापित किए जाएंगे. यहां 2410 रुपये प्रति क्विंटल पर प्याज खरीदा जाएगा. यह हमारे राज्य के प्याज उत्पादकों के लिए



बड़ी राहत होगी.''

### केंद्र सरकार ने निर्यात शुल्क पर किया ये दावा

उधर, सोमवार को केंद्र सरकार ने कहा कि प्याज पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाने का निर्णय घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने और खुदरा कीमतों को नियंत्रित करने के लिए समय पर उठाया गया कदम है. प्याज निर्यात पर लगाए गए 40 प्रतिशत शुल्क के खिलाफ महाराष्ट्र के नासिक जिले में कई स्थानों पर किसानों के विरोध प्रदर्शन के बीच सरकार ने यह कहा है. व्यापारी भी शुल्क लगाए जाने के विरोध में हैं. केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने बताया, ''प्याज पर निर्यात शुल्क लगाना कोई समयपूर्व लिया गया निर्णय नहीं है. बल्कि घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए यह समय पर किया गया फैसला है.''

### थोक बिक्री अनिश्चित काल के लिए बंद

**सिंह ने कहा कि परिस्थिति की मांग होने तक सरकार चुनिंदा राज्यों में थोक और खुदरा दोनों बाजारों में बफर स्टॉक का प्याज जारी कर मामले में हस्तक्षेप करेगी. केंद्र ने शनिवार को कीमत में वृद्धि के संकेतों के साथ-साथ निर्यात में वृद्धि के बीच प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगाया. पहली बार प्याज पर निर्यात शुल्क लगाने के फैसले का उद्देश्य त्योहारों से पहले रसोई की मुख्य सब्जी, प्याज की कीमतों को काबू में रखना है. इससे पहले व्यापारियों ने नासिक जिले की सभी कृषि उपज बाजार समितियों (एपीएमसी) में प्याज की थोक बिक्री अनिश्चित काल के लिए बंद करने का फैसला किया. इसमें लासलगांव भी शामिल है, जो भारत में सबसे बड़ा थोक प्याज बाजार है. हालांकि, एपीएमसी सूत्रों ने कहा कि प्याज की नीलामी विंचूर में हुई, जो उसी जिले में है.**

# 25 विपक्षी दलों के 'इंडिया' गठबंधन के कारण आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत एनडीए को बड़ा झटका !

**मुंबई :** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और भाजपा दो साल से वर्ष २०२४ में होने वाले चुनाव की तैयारियों में जुटी है। इसके लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों के साथ-साथ मीडिया एवं दूसरे तमाम तंत्रों का जमकर दुरुपयोग किया जा रहा है लेकिन हाल ही में गठित कांग्रेस समेत २५ विपक्षी दलों के 'इंडिया' गठबंधन के कारण आगामी लोकसभा चुनाव भाजपा नीत एनडीए को बड़ा झटका लगना तय माना जा रहा है। ऐसा विभिन्न न्यूज चैनलों एवं एजेंसियों के सर्वे से भी साफ होने लगा है। ऐसा दावा किया जा रहा है कि केंद्र सरकार और भाजपा के डर से सर्वे के नतीजों में जान-बूझकर एनडीए की बढ़त दिखाई जा रही है लेकिन हकीकत में चुनाव परिणाम इसके विपरीत ही आएंगे। फिलहाल की बात करें तो अभी महाराष्ट्र सहित ६ राज्यों में भाजपा को ३९ सीटों पर झटका लगने का दावा एक न्यूज एजेंसी ने किया




है, जबकि विशेषज्ञों का कहना है कि कुल मिलाकर एनडीए को १०० से अधिक सीटों का फटका लग सकता है और एनडीए २५० सीटों तक सिमट सकता है। नतीजतन, इस बार लोकसभा में भाजपा लटक सकती है।

बता दें कि अगले साल होने वाले आम चुनाव को लेकर अब तक कई चैनल की ओर से सर्वे किया गया है। आगामी चुनावों के बाद देश की बागडोर संभालने के लिए संघर्ष कर रही है, वहीं 'टाइम्स नाउ-ईटीवी' के एक सर्वे ने भाजपा नेताओं का ब्लड प्रेशर बढ़ा दिया है। अगली लोकसभा चुनावों में केंद्र में सत्तारूढ़ गठबंधन को महाराष्ट्र सहित कम से कम छह राज्यों में कम से कम ३९ सीटें प्रभावित होने का सर्वे में खुलासा हुआ है।

इस सर्वे के मुताबिक, एनडीए को महाराष्ट्र की ४८ सीटों में से सिर्फ १ या २ सीटों पर ही जीत मिलने की संभावना है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने महाराष्ट्र में शिवसेना के साथ गठबंधन किया था, तब एनडीए को ४८ में से ४१ सीटों पर जीत मिली थी। हालांकि, इस बार यह अनुमान लगाया गया है कि राष्ट्रीय लोकशाही गठबंधन को महाराष्ट्र, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड और पश्चिम बंगाल सहित छह राज्यों में भारी नुकसान होने का अनुमान इस सर्वे में लगाया है। इन राज्यों में से मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में एनडीए की सरकारें हैं, वहीं राजस्थान, झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल में विरोधी दलों की सरकारें हैं। इस सर्वे में करीब ६० फीसदी लोगों से फोन पर संपर्क किया गया और ४० फीसदी लोगों से घर-घर जाकर उनकी राय ली गई।

# 'अगर लोग 2-4 महीने तक प्याज न खाएं तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा', पूर्व कृषि मंत्री दादा भुसे का बयान

## वित्त मंत्रालय ने प्याज पर 31 दिसंबर 2023 तक 40 फीसदी निर्यात शुल्क लगा दिया है

**मुंबई :** प्याज पर 40 फीसदी निर्यात शुल्क लगाने के केंद्र के फैसले के खिलाफ किसानों और व्यापारियों के बीच विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। इन सभी के बीच महाराष्ट्र के मंत्री दादा भुसे ने दावा किया है कि अगर लोग 2-4 महीने तक प्याज न खाएं तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। हालांकि, राज्य के पीडब्ल्यूडी मंत्री ने सोमवार (21 अगस्त) को यह भी कहा कि केंद्र को निर्यात शुल्क लगाने का निर्णय उचित समन्वय के साथ लिया जाना चाहिए था। बता दें कि केंद्र सरकार ने 19 अगस्त को कीमतों में वृद्धि पर अंकुश लगाने और घरेलू बाजार में आपूर्ति में सुधार के लिए प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगाया है।

### प्याज पर 31 दिसंबर 2023 तक 40 फीसदी निर्यात शुल्क

वित्त मंत्रालय ने एक





अधिसूचना के जरिए प्याज पर 31 दिसंबर 2023 तक 40 फीसदी निर्यात शुल्क लगा दिया है। दादा भुसे ने कहा, 'जब आप 10 लाख रुपये का वाहन उपयोग करते हैं, तो आप खुदरा दर से 10 रुपये या 20 रुपये अधिक दर पर उपज खरीद सकते हैं। जो लोग प्याज नहीं खरीद सकते, वे दो-चार महीने तक प्याज न भी खाएं तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा।' उन्होंने यह भी कहा कि निर्यात शुल्क लगाने का निर्णय उचित समन्वय के साथ लिया जाना चाहिए था। भुसे ने आगे कहा कि कभी-कभी प्याज का भाव 200 रुपये प्रति क्विंटल हो जाता है तो कभी-कभी 2,000 रुपये प्रति क्विंटल हो जाता है। चर्चा की जा सकती है और एक सौहार्दपूर्ण समाधान निकाला जा सकता है। इससे पहले सोमवार को, व्यापारियों ने नासिक में सभी कृषि उपज बाजार समितियों में प्याज की नीलामी अनिश्चित काल के लिए बंद करने का फैसला किया। इसमें भारत में सबसे बड़ा थोक प्याज बाजार लासलगांव भी शामिल है।



# महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बुलेट ट्रेन में किया सफर, व्यापारियों से भी की बातचीत



**मुंबई:** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस राजकीय अतिथि के रूप में जापाना के दौरे पर हैं। पांच दिनी यात्रा के पहले दिन उन्होंने बिजनेस लीडर्स से मुलाकात की। फडणवीस ने जापान के मजबूत सार्वजनिक परिवहन और बुनियादी ढांचे की प्रशंसा की।

**जापानी परिवहन और ढांचे की तारीफ की**

जापान की राजधानी टोक्यो पहुंचने के बाद डिप्टी सीएम फडणवीस ने ट्वीट कर कहा कि जापानियों से बहुत कुछ सीखने को मिला है। इनका सार्वजनिक परिवहन और बुनियादी ढांचा बेहद मजबूत है। जापान के नागरिक धार्मिक मान्यताओं के साथ-साथ हर नियमों का पालन करते हैं, जो देखने में काफी दिलचस्प है। यहां हर ओर नियम है फिर चाहे वह लेन हो, प्लेटफॉर्म हो या फिर टिकट काउंटर हर जगर लोग कतारों में हैं।

**बुलेट ट्रेन से भी की यात्रा**

फडणवीस ने आगे कहा कि अब महाराष्ट्र का बुनियादी ढांचा भी विश्व स्तरीय हो रहा है। हमें नियमों को अपनाना होगा। इसके लिए व्यवहार में परिवर्तन करना होगा। डिप्टी सीएम ने टोक्यो से क्योटो तक जापान की विश्व प्रसिद्ध बुलेट ट्रेन यात्रा भी की। इसके बाद उन्होंने बताया कि इस दौरान मुझे गति, सटीकता और अनुशासन का अनुभव हुआ। उन्होंने आगे कहा कि कहा जाता है कि जिसकी शुरूआत अच्छी होती है, उसका अंत भी बेहतर होता है। महावाणिज्य दूत सहित जापानी अधिकारियों के आतिथ्य से अभिभूत हूं। जापान के व्यापारियों से मुलाकात के बाद फडणवीस ने कहा कि व्यापार जगत के नेताओं के साथ व्यापार, निवेश और भारत-जापान संबंधों बातचीत की। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना भी जापानी सहायता से की जा रही है।

# 'मछली खाने से ऐश्वर्या की तरह सुंदर हो जाती हैं आंखें, औरतें दिखती हैं चिकनी'...,

**मुंबई:** महाराष्ट्र में शिंदे-फडणवीस-पवार गठबंधन सरकार के एक कैबिनेट मंत्री ने कहा है कि प्रतिदिन मछली खाने से एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय जैसी ''सुंदर आंखें'' हो सकती हैं। उनके बयान के बाद से बहस छिड़ गई है। उत्तर महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में राज्य के आदिवासी मंत्री विजयकुमार गावित द्वारा की गई टिप्पणी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। गावित ने कहा, ''जो लोग रोज मछली का सेवन करते हैं उनकी त्वचा चिकनी हो जाती है और उनकी आंखों में चमक आ जाती है। यदि कोई आपको देखेगा तो वह आपकी ओर आकीर्षत हो जाएगा।''

**विजयकुमार गावित ने और क्या कहा?**

वीडियो में गावित यह कहते हुए सुने गए, ''क्या मैंने आपको ऐश्वर्या राय के बारे में बताया? वह मंगलुरु में समुद्र तट के पास रहती थीं। वह रोजाना मछली का सेवन करती थीं। क्या आपने उनकी आँखें देखी हैं? आपकी आंखें भी उनकी तरह



हो जाएंगी।'' उन्होंने कहा, मछली खाने से एक फायदा यह है की हमारी त्वचा में चमक आती है। इसमें तेल है, इसका आंखों पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। गावित ने कहा कि मछली के तेल से शरीर की त्वचा अच्छी दिखती है। 68 वर्षीय विजयकुमार गावित ने धुले जिले के अंतुरली में आदिवासी मछुआरों को मछली पकड़ने की सामग्री बांटते हुए एक कार्यक्रम में दौरान ये बातें कहीं। गावित की बेटी हीना गावित भाजपा की लोकसभा सदस्य हैं, वह भी कार्यक्रम में मौजूद थीं।

**'मछली खाने से ऐश्वर्या की तरह सुंदर हो जाती हैं आंखें, औरतें दिखती हैं चिकनी', ये क्या बोल गए महाराष्ट्र के मंत्री?**

महाराष्ट्र के मंत्री के बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह यह कहते हुए सुने गए, क्या मैंने आपको ऐश्वर्या राय के बारे में बताया? वह मंगलुरु में समुद्र तट के पास रहती थीं। वह रोजाना मछली का सेवन करती थीं। क्या आपने उनकी आँखें देखी हैं?

**नितेश राणे ने पूछा- क्या इस पर कोई रिसर्च है?**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की विधायक अमोल मिटकारी ने कहा कि मंत्री को इस तरह की ''तुच्छ'' टिप्पणियां करने के बजाय आदिवासियों के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित

## ये क्या बोल गए महाराष्ट्र के मंत्री?

करना चाहिए। भाजपा विधायक नितेश राणे ने कहा, ''मैं रोज मछली खाता हूं। मेरी आंखें वैसी (ऐश्वर्या राय जैसी) हो जानी चाहिए थीं। मैं गावित साहब से पूछूंगा कि क्या इस पर कोई रिसर्च है।''

**महिला आयोग ने मांगा स्पष्टीकरण**

वहीं, महाराष्ट्र महिला आयोग की प्रमुख रूपाली चाकणकर ने देर शाम गावित से अपनी टिप्पणियों के बारे में तीन दिनों में स्पष्टीकरण देने को कहा। उन्होंने पत्र में लिखा, ''आप अपना स्पष्टीकरण तीन दिन में राज्य महिला आयोग के समक्ष प्रस्तुत करें।''

### विजयकुमार गावित ने और क्या कहा?

वीडियो में गावित यह कहते हुए सुने गए, ''क्या मैंने आपको ऐश्वर्या राय के बारे में बताया? वह मंगलुरु में समुद्र तट के पास रहती थीं। वह रोजाना मछली का सेवन करती थीं। क्या आपने उनकी आँखें देखी हैं? आपकी आंखें भी उनकी तरह हो जाएंगी।'' उन्होंने कहा, मछली खाने से एक फायदा यह है की हमारी त्वचा में चमक आती है। इसमें तेल है, इसका आंखों पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। गावित ने कहा कि मछली के तेल से शरीर की त्वचा अच्छी दिखती है। 68 वर्षीय विजयकुमार गावित ने धुले जिले के अंतुरली में आदिवासी मछुआरों को मछली पकड़ने की सामग्री बांटते हुए एक कार्यक्रम में दौरान ये बातें कहीं। गावित की बेटी हीना गावित भाजपा की लोकसभा सदस्य हैं, वह भी कार्यक्रम में मौजूद थीं।

# महंगे हुए मोदक और पूजन सामग्री, बाप्पा का आगमन भी महंगा!





**मुंबई :** गणेशोत्सव के आने में करीबन एक महीने का ही समय शेष रह गया है। ऐसे में भक्त अभी से गणेश की मूर्तियों की खरीदारी से लेकर उनके आगमन और विसर्जन तक की तैयारी में जुट गए हैं। हालांकि, आम जनता महंगाई की मार से वैसे ही परेशान है, उस पर इस वर्ष बाप्पा का आगमन भी महंगा हो गया है। इतना ही नहीं मूर्ति से लेकर पकवान तक सभी वस्तुएं महंगी हो गई हैं। इस कमरतोड़ महंगाई का विघ्न बरकरार होने के बाद भी भक्तों के हौसले बुलंद हैं।

उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र में रायगड जिले का पेण और बुलढाणा जिले का साव गांव मूर्ति निमार्ताओं के लिए प्रसिद्ध है। इसलिए इन गांवों से प्रदेश के सभी जिलों के साथ ही विदेशों तक मूर्तियां भेजी जाती हैं। लेकिन इस साल मूर्तियां बनाने के लिए जरूरी कच्चे माल की कीमत काफी बढ़ गई है। ऐसे में लोगों को एक फीट की गणेश मूर्ति के लिए कम से कम तीन से चार हजार रुपए चुकाने पड़ेंगे। फिलहाल, गणेशोत्सव को आने में अभी एक माह का समय है। ऐसे में अभी से भक्तों ने बाप्पा की मूर्तियों की बुकिंग भी कर ली है। पेण में स्थित सपना मूर्ति कारखाने के मालिक पांडुरंग गायकवाड ने बताया कि मुंबई समेत देश के कई राज्यों से मूर्तियों को खरीदने के लिए लोग यहां आते हैं। इस साल मूर्तियां तो बना ली गई थीं लेकिन जुलाई महीने में हुई जोरदार बारिश के चलते चिकनी मिट्टी की सभी मूर्तियां गल गई। ऐसे में मूर्तिकारों को फिर से मूर्तियां बनानी पड़ीं। चिकनी मिट्टी के दाम २ फीसदी बढ़ गए हैं।

गणपति की मूर्तियां बनाने में लगनेवाले कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि के कारण मूर्तियों की कीमत में कम से कम २५ फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। गणेशोत्सव में बाप्पा की मूर्ति के दाम बढ़ने से भक्त भी बेजार दिखाई दे रहे हैं। कोरोना महामारी के कारण साल २०२० से लेकर २०२२ तक कई सार्वजनिक उत्सवों पर रोक लगा दी गई थी। ऐसे में पिछले तीन-चार वर्षों से जनता अपनी इच्छानुसार बिना रोक-टोक के त्यौहार नहीं मना पा रहे थे।

# मोदी सरकार का फैसला किसानों को कर देगा बर्बाद! - नाना पटोले

**मुंबई :** पिछले कुछ दिनों से किसानों को प्याज की अच्छी कीमत मिल रही थी, जिससे उन्हें कुछ पैसों का फायदा हो रहा था, लेकिन केंद्र की किसान विरोधी भाजपा सरकार को किसानों की यह खुशी बर्दाश्त नहीं हुई। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा करनेवाली मोदी सरकार ने प्याज के निर्यात शुल्क को ४० प्रतिशत तक बढ़ा दिया। केंद्र सरकार के इस पैछसले से पहले से आर्थिक संकटों का सामना कर रहे किसानों की हालत और खराब होगी। यह बात कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कही है। पटोले ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि गर्मी के दिनों में प्याज की कीमत ३०० से ४०० रुपए प्रति क्विंटल थी। इस वजह से किसानों की उत्पादन लागत भी नहीं निकल रही थी। कांग्रेस ने शिंदे-फडणवीस सरकार से सब्सिडी घोषित करने की मांग की, जिसके बाद किसानों



के लिए ३५० रुपए प्रति क्विंटल सहायता राशि देने की घोषणा की गई, लेकिन यह राशि भी उन्हें नहीं मिली। फिलहाल किसानों को प्याज के दाम २,००० से २,५०० रुपए प्रति क्विंटल मिल रहे थे। त्योहारों के सीजन में किसान को चार पैसे मिल रहे थे, लेकिन जैसे ही किसान विरोधी मोदी सरकार ने प्याज के निर्यात शुल्क को बढ़ाकर ४० प्रतिशत किया, प्याज की कीमत १,६०० रुपए प्रति क्विंटल से नीचे आ गई। भाजपा सरकार की दलील है कि खुदरा बाजार में प्याज की कीमतों को काबू में रखने के लिए यह पैछसला लिया गया है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और दोनों उप मुख्यमंत्रियों को दिल्ली की भाजपा सरकार से संपर्क करना चाहिए और प्याज किसानों के लाभ के लिए प्याज पर ४० प्रतिशत निर्यात शुल्क को रद्द करने के लिए उन पर दबाव बनाना चाहिए। जनता की सरकार होने का दिखावा करनेवाले नेताओं को प्रदेश में सिर्फ खोखले दावे कर शोर मचाने के बजाय दिल्ली में मोदी सरकार को अपना वजन दिखाना चाहिए। राज्य में प्याज किसानों ने निर्यात शुल्क में बढ़ोतरी का विरोध शुरू कर दिया है। कांग्रेस, किसानों की इस मांग को सही मानते हुए उनके साथ मजबूती से खड़ी है।




# मुंबई में कलयुगी निकला बेटा, इस वजह से मां की ली जान!




**पालघर :** पालघर जिले में एक 17 वर्षीय किशोर ने अपनी मां के चरित्र पर संदेह करते हुए कुल्हाड़ी से मारकर उसकी हत्या कर दी. बताया जा रहा है कि महिला घटना से पहले किसी को मैसेज कर रही थी, जिससे नाराज होकर बेटे ने यह कदम उठाया. अधिकारियों के मुताबिक यह घटना रविवार देर रात वसई टाउनशिप के पैरोल इलाके में हुई.मांडवी पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर अशोक कांबले ने कहा कि मृतका की पहचान सोनाली गोगरा (35) के रूप में हुई है.रिपोर्ट्स के मुताबिक अपनी मां के चरित्र को लेकर लड़के की बेचैनी उनके बीच बार-बार झगड़े का कारण बन रही थी. इस घटना के बाद इलाके के लोग हैरान है.

**मां को कुल्हाड़ी से काटा**

रविवार की शाम जब लड़का खाना खा रहा था तो उसने देखा कि उसकी मां अपने मोबाइल फोन पर किसी को मैसेज कर रही है. मां पर संदेह करते हुए बेटे ने उत्तेजित होकर कुल्हाड़ी से मां पर हमला बोल दिया.इस घटना के समय परिवार का कोई अन्य सदस्य घर में मौजूद नहीं था. पीड़िता सोनाली गोगरा कोतत्काल भिवंडी के इंदिरा गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया. जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.इस जघन्य अपराध के लिए पुलिस ने हत्या से संबंधित भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया है. फिलहाल आरोपी फरार है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. पुलिस का कहना है कि पहली नजर में पारिवारिक विवाद नजर आ रहा है. लेकिन इस मामले की गहराई से जांच की जा रही है. पुलिस की कोशिश है कि फरार आरोपी को जल्द से जल्द पकड़ कर अदालत के सामने पेश किया जाए.

# प्याज व्यापारियों के समर्थन में 24 अगस्त को एक दिवसीय बंद!

मुंबई : केंद्र सरकार द्वारा प्याज एक्सपोर्ट पर ४० प्रतिशत स्टैंप ड्यूटी लगाए जाने से हिंदुस्थानी प्याज के एक्सपोर्ट में गिरावट आई है, इसका फायदा सीधे पाकिस्तान और ईरान के किसानों को हो रहा है। अब हिंदुस्थानी किसान काफी आक्रोशित हैं। केंद्र के इस फैसले के खिलाफ देश का सबसे बड़ा प्याज बिक्री केंद्र लासलगांव मंडी में अनिश्चित समय के लिए बिक्री बंद कर दी गई है। लासलगांव के प्याज व्यापारियों के समर्थन में देशभर के व्यापारियों ने २४ अगस्त को एक दिवसीय बंद रखने का निर्णय लिया है।



केंद्र सरकार ने प्याज एक्सपोर्ट पर ४० प्रतिशत की स्टैंप ड्यूटी लगाने का निर्णय लिया है। प्याज के एक्सपोर्ट पर ४० प्रतिशत शुल्क लगाए जाने से किसानों पर भारी मार पड़ेगी। इसके चलते नासिक में किसानों ने प्याज बेचना बंद कर दिया है।किसानों के समर्थन में देश-भर के किसानों के साथ ही वाशी स्थित एपीएमसी में प्याज -आलू बाजार मंडी २४ अगस्त को बंद रखी जानेवाली है। इसका असर शहरवासियों पर पड़ेगा। एपीएमसी के प्याज व्यापारी मनोहर तोतलानी ने बताया कि प्याज की कीमतें पहले से ही कम हैं अगर निर्यात शुल्क बढ़ाया गया तो स्थानीय बाजार में प्याज का आयात बढ़ जाएगा।अगर ऐसा हुआ तो फिलहाल १८ से २२ रुपए किलो बिकनेवाला प्याज १० रुपए के अंदर आ सकता है इसलिए किसानों के साथ-साथ व्यापारी भी मांग कर रहे हैं कि केंद्र सरकार निर्यात शुल्क हटाए। इस निर्णय से किसानों को सबसे अधिक नुकसान सहन करना पड़ रहा है। व्यापारियों का दावा है कि ३१ दिसंबर २०२३ तक प्याज के निर्यात पर ४० प्रतिशत ड्यूटी लगाने के केंद्र सरकार के फैसले से प्याज उत्पादकों और इसके निर्यात पर सीधा असर पड़ रहा है, जिसके कारण पाकिस्तान और ईरान के प्याज की मांग विदेशों में बढ़ गई है। जिससे इसका सीधा असर यहां के किसानों पर पड़ रहा है। नासिक जिला प्याज व्यापारी संघ की हुई बैठक में यहां प्याज की थोक बिक्री अनिश्चितकाल के लिए बंद करने का निर्णय किया गया। 'नासिक जिला प्याज व्यापारी संघ' के अध्यक्ष खंडू देवरे ने बताया कि अगर प्याज एपा-१एमसी में आया तो संभव है कि उस प्याज की बिक्री की जाए, क्योंकि इस निर्णय को किसानों तक पहुंचने में समय लगेगा। सरकार से फैसला पर दोबारा विचार करने की अपील पड़ोसी नई मुंबई में वाशी एपीएमसी के प्याज-आलू बाजार के व्यापारी ने केंद्र से प्याज के निर्यात पर ४० प्रतिशत ड्यूटी लगाने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील की है। व्यापारियों ने दावा किया कि सरकार के इस फैसले का राज्य में प्याज की खेती करनेवाले किसानों पर सीधा असर पड़ेगा।

व्यापारियों ने कहा कि हम पर किसानों का भी काफी दबाव है, वे हमसे बाजार बंद करने और प्याज की बिक्री रोकने के लिए भी कह रहे हैं। कम से कम १०-१५ एसोसिएशनों ने हमसे प्याज न बेचने के लिए कहा है। पूरे नासिक जिले में आज प्याज की नीलामी बंद है। आनेवाले दिनों में स्थानीय बाजार भी बंद हो जाएंगे। एपीएमसी ने भी किसानों का समर्थन करने का फैसला किया है। सरकार को ४० प्रतिशत ड्यूटी देते हैं, तो जो प्याज हम २५ रुपए (प्रति किलोग्राम) एक्सपोर्ट कर रहे थे, उसका रेट घटकर १५ रुपए हो जाएगा।

# ठाणे में बच्चे के अपहरण के दोषी को 2 साल का सख्त कैद

**ठाणे :** महाराष्ट्र में ठाणे जिले की एक अदालत ने 2013 में चार साल के एक बच्चे का अपहरण करने के जुर्म में एक व्यक्ति को दो साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के तहत मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत के न्यायाधीश पी एम गुप्ता ने ठाणे के दिवा इलाके के आरोपी विशाल सुरेश वलंत्रा (35) को दोषी ठहराया और उस पर 5,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया।

31 जुलाई को पारित आदेश की प्रति मंगलवार को उपलब्ध करायी गयी। न्यायाधीश ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने




आरोपी के खिलाफ आरोप साबित कर दिए हैं जिसके लिए उसे दोषी ठहराये जाने और सजा सुनाए जाने की जरूरत है। न्यायाधीश ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी द्वारा किया गया अपराध गंभीर है क्योंकि यह एक बच्चे के साथ किया गया, इसलिए उसे अपराधी परिवीक्षा अधिनियम का लाभ देना उचित नहीं है।

अदालत ने कहा कि इसके अलावा, अपर्याप्त सजा देने से कानून में जनता का विश्वास कम होगा। न्यायाधीश ने कहा कि उन्होंने सजा सुनाते समय अपराध की गंभीरता, परिस्थितियां, दोषी की उम्र, चरित्र और आपराधिक पृष्ठभूमि पर विचार किया है। विशेष लोक अभियोजक वर्षा आर चंदाने ने अदालत को बताया कि आरोपी और पीड़ित दिवा में रहते थे और पड़ोसी थे। पीड़ित किंडरगार्टन में पढ़ रहा था। अभियोजन पक्ष ने कहा कि 23 नवंबर 2013 को, आरोपी ने लड़के का उसके घर के पास से अपहरण कर लिया, जहां वह खेल रहा था और बच्चे को चोट भी पहुंचाई।

# कुर्ला में चॉल पर गिरी घर की दीवार,

## दर्दनाक हादसे में 18 वर्षीय लड़की की मौत



**मुंबई :** मुंबई के कुर्ला (पश्चिम) में भारत टॉकीज के पीछे की चॉल में एक घर की दीवार गिरने से 18 वर्षीय एक लड़की की मौत हो गई है। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने कहा, कुर्ला (पश्चिम) में भारत टॉकीज के पीछे रात 8:30 बजे एक घर के परिसर की दीवार बगल की चॉल पर गिर गई।

# शिवसेना यूबीटी के कार्यकर्ता सूरज चव्हाण EOW के सामने पेश हुए, खिचड़ी बांटने में गड़बड़ी का मामला...

**मुंबई :** शिवसेना (यूबीटी) के कार्यकर्ता सूरज चव्हाण कोविड-19 महामारी के दौरान प्रवासियों को 'खिचड़ी' बांटने से जुड़े मामले की प्रारंभिक जांच के सिलसिले में मंगलवार को मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) के समक्ष पेश हुए। उन्होंने बताया कि पार्टी नेता और पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे के करीबी चव्हाण सुबह करीब 11 बजकर 45 मिनट पर दक्षिण मुंबई में पुलिस आयुक्त कार्यालय परिसर में ईओडब्ल्यू के अधिकारियों के समक्ष पेश हुए। ईओडब्ल्यू कोविड-19 महामारी के दौरान प्रवासियों को खिचड़ी, चावल और दाल तैयार करने में कथित अनियमितताओं के संबंध में प्रारंभिक जांच (पीई) कर रही है, जिसके लिए अनुबंध बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) की ओर से दिया गया था। उन्होंने कहा कि ईओडब्ल्यू के अधिकारी प्राथमिक जांच के संबंध में सूरज चव्हाण का बयान दर्ज करने जा रहे हैं। पिछले महीने चव्हाण से आर्थिक अपराध शाखा ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के इनपुट के आधार पर महामारी के दौरान बीएमसी की ओर से ठेकेदारों और आपूर्तिकताओं को दिए गए कार्यों से जुड़ी कथित अनियमितताओं को लेकर छह घंटे तक पूछताछ की थी। लाइफलाइन हॉस्पिटल मैनेजमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित कथित 'जंबो कोविड सेंटर घोटाले' की जांच कर रहे ईडी ने चव्हाण से संबंधित परिसरों सहित 15 स्थानों पर छापे मारे थे।



# प्रधानमंत्री ने प्रदेश में 50 हजार शिक्षकों की भर्ती पर राज्य सरकार को दी बधाई

## मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त 5 हजार 580 शिक्षकों को प्रदान किए नियुक्ति बधाई पत्र

- **शिक्षकों पर भावी पीढ़ी को गढ़ने, उन्हें आधुनिकता में ढालने और नई दिशा देने की जिम्मेदारी है : प्रधानमंत्री**
- **शिक्षक विद्यार्थियों की चिंता करें, शिक्षकों की चिंता करना मेरा दायित्वः मुख्यमंत्री**
- **प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से किया संवाद**
- **प्रधानमंत्री वर्चुअली जुड़े नवनियुक्त शिक्षकों के प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण कार्यक्रम से**




**भोपाल।** प्रधानमंत्री ने प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्त होने वाले 5 हजार 500 से अधिक शिक्षकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा है कि आप पर भारत की भावी पीढ़ी को गढ़ने, उन्हें आधुनिकता में ढालने और नई दिशा देने की जिम्मेदारी है। प्रदेश में पिछले तीन वर्षों में हुई लगभग 50 हजार शिक्षकों की भर्ती के लिए राज्य सरकार बधाई की पात्र है। प्रधानमंत्री मोदी नवनियुक्त शिक्षकों के प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण तथा उन्हें बधाई पत्र सौंपने के लिए शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुए कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़कर नवनियुक्त शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी नवनियुक्त शिक्षकों को प्रेरित किया तथा उन्हें बधाई पत्र सौंपे। कार्यक्रम में मंत्री जनजातीय कार्य विभाग सु मीना सिंह एवं स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इन्दर सिंह परमार उपस्थित थे।

### मातृ भाषा में पढ़ाई को लेकर हुए विशेष प्रयास

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नव नियुक्त शिक्षक राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने जा रहे हैं। विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रभावी योगदान है। इसमें पारम्परिक ज्ञान से लेकर भविष्य की टेक्नालॉजी को समान रूप से महत्व दिया गया है। प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में भी नया पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। मातृ भाषा में पढ़ाई को लेकर विशेष प्रयास हुए हैं।

### शिक्षक बनना कोई साधारण नौकरी नहीं है

मुख्यमंत्री ने नव नियुक्त शिक्षाकों से कहा कि शिक्षकों का काम विद्यार्थियों को बेहतर ज्ञान और बेहतर मनुष्य बनने के संस्कार देना है। शिक्षक बनना कोई साधारण नौकरी नहीं है, शिक्षक इंसान गढ़ने का काम करते हैं। आप विद्यार्थियों की चिंता करिए आप सभी के भविष्य की चिंता करना मेरा काम है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नव नियुक्त शिक्षकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आप सब मेरे भांजे–भांजियाँ हैं और हमारा प्रेम व स्नेह का नाता है। शिक्षक अर्थात गुरू का दायित्व ग्रहण करने से मेरे मन में आपके प्रति आदर भाव है। गुरू का अर्थ अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाना है। गुरू वह कुम्हार है जो माटी से जैसी चाहे मूर्ति बना दे।

# शाह-योगी की मौजूदगी में केशव ने अलीगढ़ को हरिगढ़ कहा

## जय श्रीराम का नारा लगवाया, गृहमंत्री बोले–सीएम की कुर्सी छोड़ना कल्याण सिंह का बलिदान



**अलीगढ़।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के लोगों से 2024 के चुनाव में लोकसभा की 80 की अस्सी सीट पर भाजपा को जिताने की अपील की है जिससे यूपी बीजेपी का अभेद्य किला बन जाए। अलीगढ़ में पूर्व सीएम कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित हिन्दू गौरव दिवस कार्यक्रम में अपने चिरपरिचित स्टाइल में शाह ने जनसभा में मौजूद लोगों से हाथ उठवाकर भाजपा को जिताने का संकल्प दिलवाया। कल्याण सिंह के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए शाह ने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास किया तो उस दिन कल्याण सिंह ने उनसे फोन पर कहा था कि मेरा जीवन धन्य हो गया, मेरे जीवन का लक्ष्य आज समाप्त हो गया।

शाह ने कहा कि कांग्रेस ने मंदिर के मुद्दे को लटकाए रखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोर्ट का फैसला आने के बाद बिना खून का एक कतरा बहे राम मंदिर निर्माण का काम शुरू करवा दिया। शाह ने कहा कि जब वो पहली बार यूपी आए थे तो उन्हें यहां के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। तब कल्याण सिंह ने उन्हें लगातार 11 घंटे तक बिठाकर यूपी के एक-एक जिले की बारीकी से अवगत कराया था। शाह ने कहा कि अगस्त 2013 से लोकसभा चुनाव के नतीजे तक कल्याण सिंह से उनकी हर रोज सुबह और शाम दो बार बात होती थी और वो लगातार चुनाव के लिए मार्गदर्शन कर रहे थे। इसका परिणाम ये आया कि यूपी में सारे रिकॉर्ड टूट गए और बीजेपी 80 में 73 सीट जीती।

अमित शाह ने कल्याण सिंह के कार सेवकों पर गोली चलाने से इनकार करने का जिक्र करते हुए कहा कि हर आदमी के जीवन में एक ऐसा मौका आता है जो उसका परिचय दे देता है। कल्याण सिंह ने मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ देने लेकिन गोली नहीं चलाने का फैसला लेकर बहुत बड़ा संदेश दिया। अब 2024 के शुरुआत में ही रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजेंगे। शाह ने नरेंद्र मोदी सरकार के 9 साल के काम और उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछड़ा समाज के समग्र उत्थान के लिए कई काम किया।

# दोस्त की नाबालिग बेटी से रेप का आरोपी अफसर सस्पेंड

## पुलिस ने हिरासत में लिया, केजरीवाल ने मुख्य सचिव से रिपोर्ट मांगी



**नई दिल्ली।** दिल्ली में दोस्त की नाबालिग बेटी से रेप के आरोपी अफसर को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सस्पेंड कर दिया है। सीएम केजरीवाल ने मुख्य सचिव से आज शाम 5 बजे तक मामले की रिपोर्ट मांगी है। इसके कुछ ही घंटे बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी अफसर दिल्ली के महिला एवं बाल विकास विभाग का डिप्टी डायरेक्टर था। नवंबर 2020 में दोस्त की मौत के बाद वह उसकी नाबालिग बेटी को अपने बुराड़ी स्थित घर ले आया। फिर जनवरी 2021 तक उसने लड़की के साथ कई बार रेप किया। इस दौरान लड़की प्रेग्नेंट भी हो गई।

### आरोपी की पत्नी ने अबॉर्शन पिल्स दी

पीड़ित ने आरोपी की पत्नी को पूरी बात बताई तो उसने अपने बेटे से अबॉर्शन पिल्स मंगवाकर उसे खिला दी। जनवरी 2021 में लड़की की मां बेटी को अपने साथ घर ले गई। हालांकि, पीड़ित ने रेप की बात अपने घरवालों को नहीं बताई।

# 370 हटाने को सही ठहराने की याचिका खारिज

## चंद्रचूड ने पूछा- हमें यह घोषणा क्यों करनी चाहिए, आपके क्लाइंट को किसने राय दी

**नई दिल्ली।** कश्मीर से आर्टिकल 370 और 35–ए हटाने को सही ठहराने की मांग करने वाली याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। चंद्रचूड़ ने कहा कि ये कैसी याचिका है? हमें आपकी याचिका पर वह घोषणा क्यों करनी चाहिए? याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील से कोर्ट ने पूछा आपके क्लाइंट को किसने राय दी है? जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि आर्टिकल 370 को निरस्त करने की संवैधानिक वैधता का मुद्दा पहले से ही शीर्ष अदालत की संविधान पीठ के समक्ष लंबित है। बेंच में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी शामिल थे। अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35–ए को हटाने की संवैधानिक वैधता का मुद्दा संविधान पीठ के समक्ष पेंडिंग है। CJI डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत की कॉन्स्टिट्यूशनल बेंच इस मामले में सुनवाई कर रही है। 16 अगस्त- जम्मू–कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटत समय अनुच्छेद 239ए का पालन नहीं किया गया।

# 28 हफ्ते की प्रेग्नेंट रेप विक्टिम को अबॉर्शन की इजाजत

## गुजरात हाई कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट बोला– जब केस हमारे पास है तो आपने फैसला कैसे सुनाया



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बलात्कार पीड़िता को गर्भपात की इजाजत सोमवार दे दी। अदालत ने कहा कि विवाह से इतर गर्भधारण खतरनाक हो सकता है। पीड़िता 28 हफ्ते की गर्भवती है। जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस उज्जवल भूइयां की पीठ ने पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट पर संज्ञान लिया। कोर्ट ने कहा कि गुजरात हाई कोर्ट का याचिकाकर्ता की गर्भपात की अपील वाली याचिका को खारिज करना सही नहीं था। शीर्ष अदालत ने कहा कि भारतीय समाज में विवाह संस्था के भीतर गर्भावस्था न सिर्फ दंपति बल्कि उसके परिवार और दोस्तों के लिए खुशी और जश्न का मौका होता है। एससी ने कहा, इसके विपरीत विवाह से इतर खासकर यौन उत्पीड़न या यौन हमले के मामलों में गर्भावस्था खतरनाक हो सकती है। ऐसी गर्भावस्था न केवल गर्भवती महिलाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है, बल्कि उनकी चिंता व मानसिक पीड़ा का कारण भी होती है। किसी महिला पर यौन हमला अपने आप में तनावपूर्ण होता है।

### पीड़िता कल ही अस्पताल भेजी जाए : कोर्ट

पीठ ने कहा कि उपरोक्त चर्चा और मेडिकल रिपोर्ट के मद्देनजर हम याचिकाकर्ता को गर्भपात की अनुमति देते हैं। हम निर्देश देते हैं कि वह कल अस्पताल में उपस्थित रहे ताकि गर्भपात की प्रक्रिया को शुरू किया जा सके। स्ट ने कहा कि अगर भ्रूण जीवित पाया जाता है, तो अस्पताल यह सुनिश्चित करेगा कि भ्रूण को जीवित रखने के लिए हर आवश्यक सहायता प्रदान की जाए।

# पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पूर्व कैबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे ने भोपाल से दी रथ यात्रा को हरी झंडी

## नारी किसान सम्मान रथयात्रा आमला विधानसभा में करेगा भ्रमण देगा जानकारी

**सारनी।** आमला विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की तरफ से प्रत्याशी को लेकर समीकरण बदलता दिखाई दे रहा है।कुछ दिनो तक सोशल मीडिया पर पूर्व डिप्टी कलेक्टर निशा बान्गरे के माध्यम से कांग्रेस के सिंबल से चुनाव लड़ने की चर्चा जोरों पर थी।उस चर्चा को अल्पविराम लगाने का काम दिल्ली के पर्यवेक्षक सुभाष चोपड़ा के माध्यम से किया गया है।ऐसी स्थिति में आवला विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशी को लेकर समीकरण कुछ फेरबदल होता दिखाई दे रहा है।

कांग्रेस के पर्यवेक्षकओं के माध्यम से पुराने चेहरे और महिला प्रत्याशी को लेकर किसी भी तरह का कोई संवाद करने को तैयार दिखाई नहीं दे रहा है ऐसी स्थिति में कांग्रेस के सकरी एवं जिला जनपद वार्ड क्रमांक 14 के सदस्य हितेश निरापुरे पर भी कांग्रेस दाव लगा सकती है।कांग्रेस के पर्यवेक्षक और अन्य कांग्रेस के बड़े नेताओं का रुझान युवा नेता की ओर दिखाई देने लगा है। जिसका उदाहरण शनिवार को भोपाल में देखने को मिला है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे के माध्यम से नारी किसान सम्मान रथयात्रा को हरी झंडी देकर हितेश निरापुरे को आवला विधानसभा क्षेत्र में घूमने नारी किसान सम्मान यात्रा निकालने की अनुमति देना और उसका सहयोग करना यह दिखाई देता है कि आगामी विधानसभा चुनाव में कुछ भी हो सकता है,जो आमला विधानसभा क्षेत्र से पुराने दिग्गज कांग्रेस की तरफ से टिकट की दावेदारी कर रहे थे ऐसे लोगों को शीर्षक स्तर से लेकर जिला और जिले से लेकर भोपाल शीर्षक तक के नेताओं के माध्यम से नजरअंदाज करना मतलब आमला विधानसभा क्षेत्र में नए प्रत्याशी की तलाश कांग्रेस के माध्यम से शुरू कर दी गई है और ऐसी स्थिति में जिला जनपद पंचायत सदस्य हितेश निरापुर पर कांग्रेस के कई नेताओं की नजर बनी हुई है यानी कि आने वाले दो माह के बाद आमला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की तरफ से कौन प्रत्याशी हो सकता है या कहां नहीं जा सकता लेकिन पूर्व डिप्टी कलेक्टर के सोशल मीडिया पर सक्रिय होने के बाद अचानक निष्क्रिय हो जाना और धरातल से ना के बराबर कम दिखाई देना कांग्रेस की टिकट की दौड़ से बाहर माना जा रहा है।

### पार्टी की सेवा मेरी पहली प्राथमिकता होगी हितेश निरपुर

शनिवार को भोपाल में प्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं मुलताई विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुखदेव पांसे के माध्यम से नारी किसान सम्मान रथयात्रा को हरी झंडी देना और उनके विधानसभा क्षेत्र के 264 गांव के अलावा आमला नगर पालिका और स्थानीय नगर पालिका परिषद क्षेत्र में नारी किसान सम्मान रथयात्रा का भ्रमण करके कांग्रेस के माध्यम से यदि उनकी सरकार बनती है तो उनकी सरकार में नारियों को क्या सम्मान दिया जाएगा महंगाई पर कहां तक अंकुश लगाया जाएगा इसके माध्यम से जिला जनपद सदस्य हितेश निरापुरे के द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है और उनकी मेहनत भी रंग लाती दिखाई दे रही है जिस भी ग्रामीण क्षेत्र में नारी किसान रथ यात्रा पहुंच रही है वहां पर बड़ी संख्या में महिला पुरुष और बुजुर्ग एकत्रित होकर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की योजनाओं को बड़ी शिद्दत से चुनने का काम कर रहे हैं।




# लाड़ली बहने भटकती रही छतरपुर नपा में



**छतरपुर।** छतरपुर नगर पालिका में भर्रेशाही खत्म होने का नाम नहीं ले रही है मध्य प्रदेश की सीएम शिवराज सिंह चौहान की जन हितेषी लाड़ली बहना योजना में आवेदन पत्र जमा करने का आज रविवार को अंतिम दिन था मगर सीएमओ और नगर पालिका अध्यक्ष के चेंबर में ताले जड़े थे, लाड़ली बहना योजना की प्रभारी शिवानी असाटी नगरपालिका में मौजूद थी मगर उन्होंने हितग्राही महिलाओं को ना तो कोई संतोषजनक जवाब दिए ना ही उनकी कोई मदद की शिवानी की उपेक्षा से हितग्राही बनने की ख्वाहिश लेकर नगर पालिका में हताश होने के बाद अपने घर लौट गई जाहिर है चुनाव नजदीक होने के बावजूद छतरपुर नगर पालिका का अमला सीएम शिवराज की जन हितैषी योजनाओं का लाभ लोगों को दिलाने में शर्मनाक हद तक कोताही बरत रहा है।

# संसदीय सम्मेलन में जाते समय नीमच में प्रमुख सचिव विधान सभा का आत्मीय स्वागत

## समाज सेवा जीवन का उत्कृष्ट कार्य-प्रमुख सचिव

प्रमुख सचिव म.प्र.विधान सभा अवधेश प्रताप सिंह 21 अगस्त से उदयपुर में आयोजित राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ के भारत प्रक्षेत्र सम्मेलन में भाग लेने जाते समय आज अल्प प्रवास पर नीमच पहुँचे,जहां उनका समाजसेवी संगठन रोटरी डायमंड क्लब नीमच के पदाधिकारियों एवं ज़िला प्रशासन द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। प्रमुख सचिव श्री सिंह जो स्वयं अनेक समाजसेवी संस्थाओं से जुड़े हुए हैं,ने कहा कि समाज सेवा उत्कृष्ट कार्य है इससे जीवन में सन्तुष्टता व शांति आती है तथा जो हमें जीवन में हासिल हुआ उसमे से कुछ सेवा द्वारा समाज के ज़रूरतमंदों को लौटाने



का अवसर प्राप्त होता है।इस अवसर पर नीमच रोटरी क्लब अध्यक्ष रो.सौरभ शर्मा,पूर्व अध्यक्ष आशीष गर्ग,राहुल खंडेलवाल, निवर्तमान अध्यक्ष दीपक एयरेन,रो.मनीष गर्ग,पूजा गर्ग,पूनम गर्ग सहित समाजसेवी उपस्थित थे।श्री सिह यहाँ से साँवरिया प्राकट्य मंदिर में दर्शन करते हुए उदयपुर पहुँचेंगे।

# लुप्त होती प्रतिष्ठा को पत्रकार पुनः प्राप्त करें

## मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के सम्मेलन में टीवी पत्रकार शम्स ताहिर खान ने कहा

इंदौर। जन चिंगारी जर्नलिस्ट अपने फर्ज का ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करें, सुविधाओं के पीछे ही नही भागें ।समाज को पत्रकारों से काफी अपेक्षा है ,यह तभी संभव है जब हम खबरों का सही तरीकें से निष्पक्ष रुप से प्रेषण करें । यह बात आज तक चैनल के वरिष्ट पत्रकार शम्स ताहिर खान ने मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के इंदौर संभागीय व जिला सम्मेलन में कही । उन्होंने कहा कि आज पत्रकारिता चुनौती भरी हैं,इसी के बीच हमें अपनी सुरक्षा को ध्यान रखते हूए कार्य करना हे ।उन्होंने कहा कि दुनिया में एसे कई देश है जहाँ पत्रकारों पर सबसे ज्यादा हमले हुए हैं । खबरों को लेकर टारगेट बनाया जाता है । पत्रकारों को कार्य करने के तरीकों को लेकर भी उन्होंने समझाइश दी तथा संघ के आयोजन की सराहना की ।




सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि पत्रकारों से समाज को काफी अपेक्षा है । इन्दौर के विकास में पत्रकारों का सहयोग और योगदान उल्लेखनीय है । संघ के वरिष्ठ साथी शरद जोशी ने अध्यक्षीय उद्बोधन देते हूए मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा कहा कि पत्रकार हितो के लिए हमारा संगठन हर मोर्चे पर संघर्ष कर रहा हे ।पत्रकार सुरक्षा कानून पत्रकार कल्याण आयोग का गठन,अधिमान्य पत्रकारों को रेल रियायत पुन : प्रारंभ करने जैसी हमारी 21सूत्री मांग सरकार के समक्ष विचाराधीन है । हम याचक नही है लेकिन लोकतन्त्र के रक्षक के रुप में हम भी सामाजिक प्राणी है पत्रकारों भी आवश्यकता और समस्याएं है जिनकी और ध्यान देना समाज और सरकार की जिम्मेदारी है । ताकि वह अपना दायित्व और कर्त्तव्य का अधिक ताकत से निर्वहन कर सके । कार्यकारी अध्यक्ष उपेन्द्र गौतम मुरैना ने संगठन के संबध में जानकारी दी और कहा कि हमारा संगठन प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के नेतृत्व में प्रदेश के सभी जिलों में कार्य कर रहा है ।शासन और जनता के बीच सेतु के रुप में रचनात्मक भूमिका ही हमारा लक्ष्य है ।

बरकत उल्लाह विश्व विधालय भोपाल के कुलपति डॉ. एस के जैन ने कहा कि इंदौर पत्रकारिता की नर्सरी रहा जिसने देश को कई बड़े पत्रकार और संपादक दिये । आज देश को वह सफाई के संस्कार दे रहा है । प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उद्योग व्यापर प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अजय चोरडिया ने कहा कि मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ अच्छा कार्य कर रहा है और उसके पास अच्छी टीम भी है । बड़ा रावला संस्थान् के सरंक्षक वरदराज जमींदार ने कहा कि इंदौर का इतिहास बड़ा पुराना है और इसे बनाने में नंदराव मंडलोई का बड़ा योगदान रहा है । फिल्म अभिनेत्री रश्मि एस दुबे ने कहा कि खबरों की जुटाने के लिए मीडिया कर्मियों को बड़ी मेहनत करना पड़ती है । मीडियाकर्मी अपनी सुरक्षा की भी चिंता करे ।

वीएचपी मध्यभारत से प्रन्यासी सदस्य महाकौशल प्रांत उपाध्यक्ष मेडिकल ऑफिसर – आरटी सेंटर मेडिकल कॉलेज जबलपुर डॉ. वाणी आहलूवालिया ने कहा कि ग्रामीण पत्रकारिता से जुड़े पत्रकारो को अच्छी सुविधाओ के लिए तरसना पड़ता हौ । डॉ. महेश साहू ने कहा कि टीम वर्क से मिलती हे सफलता और टीम एक दिन मे नही बनती है । फिल्म अभिनेत्री सारिका दीक्षित ने कहा कि मीडिया ही हमें सेलिब्रिटी बनाता है और वही हमारे कान मरोड़ता है। अतिथि स्वागत इंदौर संभाग अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला, इंदौर जिला अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह थनवार, विधुत प्रकाश पाठक, राजेंद्र सिंह, बाल कृष्ण उपाध्याय, हेमंत व्यास, रश्मि किंग्रानी, राम किशोर लोवंशी, सीमा शर्मा, देवेंद्र कुमार साहू आदि ने किया । कार्यक्रम का संचालन प्रवीण जोशी ने किया आभार माना लोकेंद्र सिंह थनवार ने । कार्यक्रम में इंदौर संभाग के पत्रकार भी उपस्थित हुए ।

# समाजसेवी डा. मदन त्रिपाठी ग्रामवार विधानसभा कोतमा में किये सघन जनसंपर्क, जनता का मिलरहा भरपूर समर्थन

## समाजसेवा के क्षेत्र में बढ़ चढ़कर कार्य करने से हो रही प्रशंसा, श्री त्रिपाठी को विधानसभा से टिकट देने की उठ रही मांग

अनूपपुर। जिले के सामान्य सीट कोतमा विधानसभा क्षेत्र में इस समय राजनीतिक हलचल तेज हो चुकी है, विधानसभा क्षेत्र में लगातार समाजसेवा के क्षेत्र में सेमरा निवासी डॉक्टर मदन त्रिपाठी उर्फ मुन्ना भैया लगातार गांव गांव जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं बता दें कि डॉक्टर मदन त्रिपाठी युवाओं को क्रीडा से जोड़ने हेतु क्रिकेट मैच, फुटबॉल आयोजन में पहुंच कर भी खेल को बढ़ावा देने हेतु क्रिकेट किट फुटबॉल व अन्य सामग्री वितरित किया जा रहा है लगातार जनसंपर्क करते हुए डॉक्टर मदन त्रिपाठी पूरे विधानसभा क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाते हुए लोगों का आशीर्वाद व जनसमर्थन प्राप्त कर रहे हैं!

### सिंचाई सहित रोजगार मुहैया कराना मेरा प्रथम दायित्व – श्री त्रिपाठी

डा.मदन त्रिपाठी ग्राम सेमरा से ग्राम ऊरा,शिकारपुर,तरसिला,बिजुरी,कोतमा,पैरीचुआ,सद्द ी,पिपरिया, कोठी, तरसिली, जलसार सहित अन्यत्र सभी ग्रामो में जाकर अब आम जनता से मिलकर क्षेत्र में ग्राम केवई से सिचाई का साधन विकसित कराने मुद्दोओं को रोजगार से जोड़ने से ,रोड,पानी की सुविधा आदि की आवश्यकताओं की मांग को एकत्र कर क्षेत्र की समस्याओ का निदान हेतु संपर्क कर रह है क्षेत्र की जनता जहा भी डा.मदन त्रिपाठी जाते है काफी संख्या में एकत्र हो कर उन्हें अपना आशीर्वाद तथा समर्थन दे रहे है सबका कहना है इस बार हम अपने क्षेत्र ग्राम के व्यक्ति को ही दलगत राजनीती से उठ कर डा. मदन त्रिपाठी जो योग्य पढे लिखे मृदुभाषी सभी के साथ समानता का व्यवहार रखने वाले तथा बचपन से ही सभी धर्म जाति ,वर्ग के लोगो क़ो काका ,बाबा ,भैया ,चाचा ,चाची ,काकी ,दीदी ,बाई, बहन आदि कहकर पुकारने वाले सेमरा के भैया को करे अपना जनप्रतिनिधि बनायेगे!



### सामाजिक क्षेत्र में बनाई अलग पहचान

इनके पिता तथा चाचा स्व. श्री मोतीलाल शर्मा,स्व. श्री रघुनाथ प्रसाद शर्मा,स्व.श्री रामगोपाल शर्मा क्षेत्र के पढे लिखे शिक्षक तथा शिक्षा विद्द थे जिन्होंने पुरे जीवन केवल शिक्षा पर ध्यान दिया 1964 में एम ए बी एड की शिक्षा तथा चाचा भी एम ए बी एड विज्ञानं से बीएस सी उस जमने में करके क्षेत्र का नाम रोशन क र सामाजिक/सांस्कृतिक/समाज में समरसता खेल खूद को महत्व देते थे आज डा.मदन त्रिपाठी के 8 भाई है तथा इन भाइयो के 13 पुत्र,तथा 8 बेटिया है जो सभी डाक्टर,इंजिनियर तथा विश्वविधायल की डीन/संचालक जैसे पदों के साथ एल एल बी का वकालत कर रहे है सेमरा का यह परिवार क्षेत्र में उच्च शिक्षा समाज में समरसता अपने व्योहार अपने सामाजिक क्रीडा/संस्कृत गतिविधिऔ के कारण पृथक से पहचाना जात है आप भी सभी के साथ रह कर 3 पीढ़ी से एक साथ रहते है7 तथा सामाजिक कर्म के तत्पर रहते है इनकी किसी छवि के कारण ये सेमरा कोतमा विधान सभा में अत्यंत लोकप्रिय परिवार है!

### गांव गांव पहुंच किया सघन जनसंपर्क


विधानसभा क्षेत्र कोतमा के ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर भ्रमण कर आमजन जनप्रतिनिधियों से आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे विधानसभा क्षेत्र में सभी का भरपूर सहयोग एवं समर्थन का आस्वशान तथा भरपूर समर्थन मिल रहा है। अब निरंतर ग्रामों का भ्रमण कर आशीर्वाद प्राप्त करना है पूरे विधानसभा क्षेत्र भ्रमण करते हुए अपनी एक अलग पहचान व जनता के बीच में लोकप्रिय चेहरे के रूप में उभर कर सामने आते दिखाई दे रहे हैं डॉक्टर मदन त्रिपाठी साथ ही पूरे विधानसभा क्षेत्र में कर्मठ इमानदार वह लोगों के दुख सुख में साथ खड़े रहने वाले श्री त्रिपाठी जनता सहित युवाओं कि पहली पसंद बन चुकी है यदि भाजपा संगठन श्री त्रिपाठी को टिकट देकर अपना उम्मीदवार घोषित करती है कोतमा से भाजपा अपना परचम लहराकर इकलौती सामान्य सीट पर कब्जा कर पाएगी!

# करण जौहर ने कुछ ऐसा कर दिया, कंगना हैरान!

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस कंगना रनौत और करण जौहर के बीच का झगड़ा पूरी फिल्म इंडस्ट्री में मशहूर है. कंगना ने करण के शो पर जाकर नेपोटिज्म का आरोप लगाकर उन्हें 'मूवी माफिया' का टैग दे डाला था. वहीं, करण भी कंगना पर कई इंटरव्यूज के दौरान हमला बोलते दिखे हैं. हाल ही में कुछ ऐसा हुआ है, जिसके बाद मालूम होता है कि करण और कंगना के बीच चीजें ठीक हो सकती हैं. यानी दोनों का फाइनली पैचअप हो सकता है और यही नहीं दोनों एक साथ फिल्म भी कर सकते हैं.

करण जौहर इन दिनों अपनी लेटेस्ट रिलीज 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' की सक्सेस इंजॉय कर रहे हैं. इस बीच उन्होंने कंगना की आने वाली फिल्म 'इमरजेंसी' पर हैरान कर देने वाला बयान दिया है. उनसे इंडियन एक्सप्रेस के इंटरव्यू के दौरान सवाल किया गया कि वो पॉलिटिक्स पर आधारित फिल्में बनाने के बारे में क्यों हीं सोचते हैं. इस पर करण जौहर ने जवाब दिया कि 'एक फिल्म बन रही है इमरजेंसी और मैं उसे देखने के लिए बहुत एक्साइटेड हूं'. बता दें कि कंगना की ये फिल्म 24 नवंबर 2023 को रिलीज होगी.






करण ने एक तरह से ऐलान कर दिया है कि वो कंगना की फिल्म देखेंगे और उसे सपोर्ट भी करेंगे. ये पहली बार है जब करण ने कंगना के बारे में कोई बात की है और वो पॉजिटिव है. इस बयान के बाद ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि कंगना और करण के बीच चीजें ठीक हो सकती हैं. हालांकि,

# 400 करोड़ का आंकड़ा पार करने वाली है 'गदर 2'

**साल** 2001 में रिलीज हुई फिल्म गदर का ये डायलॉग आज भी उतना ही मशहूर है जितना उस दौर में था. लगभग 22 साल पहले जून के महीने में जब यह फिल्म 'गदरः एक प्रेम कथा' रिलीज हुई थी, तो इसने बॉक्स ऑफिस के साथ-साथ पूरे देश में तहलका मचा दिया था. अब इसी साल यानी 2023 के अगस्त महीने में गदर का सीक्वल 'गदर-2' रिलीज किया गया है.




पिछले कुछ सालों में बॉलीवुड की जो हालत रही है. बड़े से बड़े सुपरस्टार की फिल्मों को फ्लॉप होते देखते हुए गदर से शायद इतनी उम्मीद लगाई भी नहीं गई होगी. लेकिन इस फिल्म ने रिलीज के साथ ही एक बार फिर जैसे बॉलीवुड को जिंदा कर दिया है. किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि ये इस साल की बॉलीवुड की दूसरी सबसे बड़ी फिल्म बन जाएगी. लेकिन 'गदर 2' को जनता का ऐसा प्यार मिला कि जल्द ही ये बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ का आंकड़ा पार करने वाली है. साल 2023 के शुरूआती 6 महीने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के लिए बहुत अच्छे नहीं रहें. जनवरी में शाहरुख खान की फिल्म पठान बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट हुई. लेकिन, बावजूद इसके पिछले साल (2022) के मुकाबले बॉलीवुड के बॉक्स ऑफिस की कमाई में 22 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई. यह अपने आप में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के लिए बुरी खबर है.

लेकिन गदर-2 की रिलीज के साथ ये माना जा रहा है कि बॉलीवुड के पुराने दिन वापस आने वाले हैं. ये कहना इसलिए भी गलत नहीं है क्योंकि साल 2023 के 6 महीने गुजरने के बाद बॉलीवुड की कई फिल्में हिट हुई है. लोग एक बार फिर अपने पसंदीदा एक्टर की फिल्में देखते थियेटर पहुंच रहे हैं. इन फिल्मों में ओएमजी-2, रॉकी रानी की प्रेम कहानी, जरा हटके जरा बचके, सत्य प्रेम की कथा शामिल है.

इन फिल्मों के हिट होने और गदर-2 का 400 करोड़ से ज्यादा कमाई को देखते हुए कहा जा रहा है कि पिछले कुछ सालों में जो काम सलमान, शाहरुख और आमिर जैसे बड़े स्टार नहीं कर पा रहे हैं वो 'तारा सिंह' यानी सनी देओल ने कर दिखाया है. पिछले साल बॉलीवुड के सुपरस्टार आमिर खान की 'लाल सिंह चड्ढा' और इस साल यानी 2023 में सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई, किसी का जान' रिलीज हुई थी. ये फिल्म थियेटर में कब आई और कब गई पता ही नहीं चला. या यूं कहें कि ज्यादातर दर्शक अब बॉलीवुड की फिल्मों से कनेक्ट नहीं कर पा रहे हैं. वह बॉलीवुड से ज्यादा रश्मिका मंदाना, राम चरण और यश जैसे एक्टर से सम्मोहित हो रहे हैं.

पिछले कुछ सालों से बॉलीवुड फिल्में फ्लॉप होने के लिए जहां कुछ लोग 'बॉयकॉट ट्रेंड' को जिम्मेदार मानते हैं, तो कुछ का मानना है कि बॉलीवुड के हीरो अब अपनी ऑडियंस से कनेक्ट नहीं कर पा रहा.

वहीं कुछ लोग एक्टर्स के पुराने विवादित बयानों को भी इसका कारण बता रहे हैं.

# प्रियंका का बॉलीवुड धमाका, दुबई में शूट किया शानदार रोमांटिक गाना



साउथ सिनेमा में दिलचस्पी रखने वालों के लिए अभिनेत्री प्रियंका अग्रवाल का नाम बहुत जाना पहचाना है। ग्वालियर, मध्य प्रदेश में जन्मी प्रियंका उन तमाम जगमगाते सितारों में शुमार हैं जिन्होंने हिंदी सिनेमा तक अपना रास्ता दक्षिण के जरिये बनाया है। मोहनलाल स्टारर फिल्म '1971 बियांड बॉर्डर्स' में अपने धमाकेदार अभिनय से कई पुरस्कार जीत चुकीं प्रियंका का ध्यान अब हिंदी सिनेमा पर केंद्रित है। वह मुंबई को अपना ठिकाना बना चुकी हैं और यहां उनका पहला धमाका है एक म्यूजिक वीडियो जो उन्होंने 'दृश्यम 2', 'रेड', 'दृश्यम' और 'भोला' जैसी फिल्में बनाने वाली कंपनी पैनोरमा के साथ किया है।

प्रियंका अग्रवाल ने अभिनय का पेशा अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद चुना। वह कहती हैं, 'मेरी मां ने मुझे अपने करियर में हर वक्त साथ दिया। जब तक वह इस दुनिया में रहीं, उनकी हर बात मेरे लिए एक नई रोशनी की किरण की तरह दिखती थी। मैंने जब मॉडलिंग में अपनी शुरूआत की और तमाम विज्ञापन कंपनियों ने मुझे लेकर काम करने का प्रस्ताव दिया तो ये मां ही थीं जिन्होंने मुझे इस तरफ कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। आज जब वह इस दुनिया में नहीं हैं तो मुझे उनकी बताई हर सीख हर कदम पर हौसला देती है।'

प्रियंका अग्रवाल में हालात से जूझने और हर मुश्किल चुनौती का सामना करने की काबिलियत शुरू से है। 'रेडियो', 'युद्धभूमि' और 'भारत सरिहद्दु' जैसी चर्चित फिल्मों में अपना जलवा दिखाने के बाद प्रियंका ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कदम जमाने शुरू कर दिए हैं। म्यूजिक वीडियोज के उन्हें लगातार प्रस्ताव आते रहते हैं। जुबिन नौटियाल और नीति मोहन के गाए गाने 'तुझे पाने को' पर टी सीरीज के बनाए म्यूजिक वीडियो ने प्रियंका को अपनी पोजीशन मजबूत करने में काफी मदद की है और अब पैनोरामा कंपनी का दुबई में शूट हुआ म्यूजिक वीडियो उनका टर्निंग प्वाइंट साबित हो सकता है।

वह कहती हैं, 'हिंदी सिनेमा हर हिंदी भाषी क्षेत्र के कलाकार की मंजिल होती है। लेकिन, मेरा अब तक का सफर भी बहुत शानदार रहा है। तेलुगू में मेरी एक और फिल्म निमार्णाधीन है। इसके अलावा हिंदी फिल्मों के लिए भी मेरी दो, तीन निर्देशकों से बात चल रही है। लेकिन, मैं सिर्फ लीड हीरोइन के लिए ही लालायित रहने वाली अभिनेत्री नहीं हूं। अभिनय मेरा धर्म और कर्म दोनों है और जहां भी मुझे अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा, मैं वह किरदार कर सकती हूं।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com